\ \

# कार्यालय प्राचार्य, महंत श्री रामजानकी शरण दास वैष्णव शासकीय स्नातक महाविद्यालय पिपरिया, जिला – कबीरधाम (छ.ग.)

E-mail – ngcpipariya@gmail.com ,web site – gncpipariya.in

क्रमांक 183/स्था./अतिथि व्या./2025 दिनांक –26/7/25

## //अतिथि व्याख्याता विज्ञापन //

कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा संचालनालय रायपुर के पत्र क्रमांक 289/01/आउिश/राज.स्था./2025 नवा रायपुर अटल नगर दिनांक 23.07.2025 के परिपालन में महंत श्री रामजानकी शरण दास वैष्णव शासकीय स्नातक महाविद्यालय पिपरिया में निम्नलिखित विषय अध्यापन व्यवस्था हेतु योग्य एवं निर्धारित अर्हताधारी आवेदकों से अतिथि व्याख्याता/अतिथ शिक्षण सहायक हेतु आवेदन आंमत्रित किये जाते है। आवेदक अपने समस्त प्रमाण – पत्र आवश्यक दस्तावेज के साथ आवेदन दिनांक **08.08.2025** को सांय **04:00** बजे तक रजिस्टर्ड डाक अथवा वाहक के हस्ते (कार्यालय से पावती प्राप्त करें) प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्रों पर पर विचार नही किया जायेगा।

**आवश्यक शैक्षणिक एवं अन्य अर्हता :–**

1. स्नातकोत्तर स्तर पर संबंधित विषय में 55% प्राप्तांक (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति 50%) प्राप्तांक होना आवश्यक है। पी.एच.डी. नेट एवं स्लेट, एम.फील., उत्तीर्ण अनुभव उम्मीदवार को नियमानुसार प्राथमिकता दी जावेगी। आवेदको का चयन उनके प्राप्तांको के गुणानुक्रम तथा देय अधिभार के आधार पर मेरिट से किया जायेगा।
2. अतिथि व्याख्याता को कार्य करने के लिए न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों में शिक्षकों और अन्य शैक्षिक कर्मचारी की नियुक्ति हेतु न्यूनतम अर्हताएँ तथा उच्चतर शिक्षा में मानकों के रख–रखाव हेतु अन्य उपाय) संबंधी विनियम 2018 के प्रावधानों के अनुरूप होगी। इस व्यवस्था के अंतर्गत अतिथि शिक्षण सहायक के लिये स्नातकोत्तर स्तर पर न्यूनतम 55% अंक होने चाहिए। परन्तु अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति एवं दिव्यांगजन अभ्यर्थियों के लिये स्नातकोत्तर पर न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक होने चाहिए।
3. आयु सीमा – अतिथि व्याख्याता/अतिथि शिक्षण सहायक अधिकतम 65 वर्ष तक।
4. छ.ग. के मूल निवासी अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जायेगी।

विषय/पदों का विवरण :–

| क्र. | विषय का नाम | रिक्त पद की सख्या | |
|---|---|---|---|
| | | प्राध्यापक | सहायक प्राध्यापक |
| 1 | जन्तु विज्ञान | 0 | 01 |

टीप :– संबंधित विषय नें नवीन नियुक्ति/नियमित पदस्थापना या स्थानांतरण के फलस्वरूप पद भरे जाने पर उक्त पद के विरूद्ध कार्यरत अतिथि व्याख्याता एवं अन्य की सेवा स्वतः समाप्त हो जायेगी।

**शर्ते :–**

1. आवेदन के साथ मूल निवासी प्रमाण पत्र, 10वी, 12वीं, स्नातक, स्नातकोत्तर, सेट/नेट, एम. फिल. /पी–एच.डी. एव अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करें।
2. दिनांक **08.08.2025** तक कार्यालयीन समय में डाक के माध्यम से अथवा स्वयं उपस्थित ई–मेल से भेजे गये आवेदन को मान्य नही किया जावेगा। वर्तमान में ऑफलाईन अथवा डाक के माध्यम से आवेदन स्वीकार किये जायेगें।
3. अंतिम तिथि तक महाविद्यालय में प्राप्त आवेदनों पर नियमानुसार मेरिट सूची तैयार की जावेगी।
4. प्राप्त आवेदनों की पदवार अनंतिम मेरिट सूची का प्रकाशन दिनांक **12.08.2025** तक महाविद्यालय के सूचना पटल व वेवसाईट www.gncpipariya.ac.in पर प्रकाशित किया जावेंगा।
5. गुणानुक्रम अनुसार अनंतिम सूची में दावा आपत्ति की तिथि – **14.08.2025** होगी।

Scanned with OKEN Scanner

6. अंतिम सूची का प्रकाशन दिनांक – 18.08.205 को किया जावेगा जिसका अवलोकन महाविद्यालय की सूचना पटल में किया जायेगा।
7. आमंत्रित अभ्यर्थी को कार्यभार ग्रहण करने के समय इस आशय का शपथ पत्र देना होगा कि संबंधित के विरूद्ध पुलिस/न्यायालय में कोई अपराधिक प्रकरण विचाराधीन नहीं है। साथ ही अभ्यर्थी किसी अन्य शासकीय/अर्द्धशासकीय सेवा मे नहीं है एवं पूर्व मे किसी विश्वविद्यालय/महाविद्यालय में शिकायत/कार्य संतोषजनक नहीं पाये के आधार पर अभ्यर्थी की सेवाये समाप्त नहीं की गई है।
8. आवेदन उपरांत संबंधित आमंत्रित चयनित अभ्यर्थी यदि समय सीमा में कर्तव्य स्थल पर उपस्थित नहीं होता है, तो उसे उस दशामें अगले चरणो मे सम्मिलित नहीं किया जाएगा।
9. अतिथि व्याख्याताओं एवं अन्य की सेवायें भविष्य मे नियमितीकरण का आधार नहीं होगा।
10. अतिथि व्यवस्था के अंतर्गत देय मानदेय निम्नानुसार होगा :–

| क. | विवरण | अतिथि व्याख्याता | अतिथि शिक्षण सहायक |
|---|---|---|---|
| अ | 45 मिनट के एक व्याख्यान के लिए | | |
| 1. | 45 मिनट के एक व्याख्यान के लिए | 400.00 | 300.00 |
| 2. | चार कालखण्डो के लिये प्रतिदिन अधिकतम मानदेय | 1600.00 (41600.00 प्रतिमाह अधिकतम) | 1200.00 (30000.00 प्रतिमाह अधिकतम) |
| ब | 60 मिनट के व्याख्यान के लिए | | |
| 3 | 60 मिनट के एक व्याख्यान के लिए | 500.00 | 350.00 |
| 4 | चार कालखण्डो के लिये प्रतिदिन अधिकतम मानदेय | 2000.00 (50000.00 प्रतिमाह अधिकतम) | 1400.00 (35000.00 प्रतिमाह अधिकतम) |

11. आवेदक वंद लिफाफे के ऊपर पत्राचार का पता कार्यालय **प्राचार्य महंत श्री रामजानकी शरण दास वैष्णव स्नातक शासकीय महाविद्यालय पिपरिया जिला कबीरधाम छ.ग.** आवेदित विषय/पद आवश्यक रुप से लिखे।

प्राचार्य
महंत श्री रामजानकी शरण दास वैष्णव
शासकीय स्नातक महाविद्यालय, पिपरिया
जिला – कबीरधाम (छ.ग.)

पृ.कमांक. /184 अतिथि व्याख्याता /2025 पिपरिया दिनांक 26/07/25

प्रतिलिपिः–

1. आयुक्त उच्च शिक्षा संचालनालय इन्द्रावती भवन नवा रायपुर अटल नगर को सादर सूचनार्थ।
2. कलेक्टर, जिला कबीरधाम छ.ग. को सादर सूचनार्थ प्रेषित्।
3. प्राचार्य शास. अग्रणी महा. कवर्धा जिला – कबीरधाम (छ.ग.) को सादर सूचनार्थ एवं लेख है कि कृपया अपने महाविद्यालय के सूचना पटल मे चस्पा करने का कष्ट करे।
4. प्राचार्य समस्त महाविद्यालय को सादर सूचनार्थ एवं निवदेन कृपया अपने महावद्यिालय के सूचना पटल मे चस्पा करने का कष्ट करे।
5. महाविद्यालय स्थापना, लेखाशाखा को सूचनार्थ।

प्राचार्य
महंत श्री रामजानकी शरण दास वैष्णव
शासकीय स्नातक महाविद्यालय, पिपरिया
जिला – कबीरधाम (छ.ग.)

Scanned with OKEN Scanner